>

Title: Need to open Kendriya Vidyalaya in Sasaram, Aurangabad and Kaimur districts of Bihar.

*m01

श्री महाबली सिंह (काराकाट): सभापति महोदय, केन्द्रीय विद्यालय के माध्यम से बेहतर शिक्षा की उम्मीद लोगों को होती है और केन्द्रीय विद्यालय स्तरीय शिक्षा के लिए सुविख्यात है। लेकिन खेद है कि बिहार में सासाराम, औरंगाबाद और कैमूर बरसों पहले जिले बनाए गए लेकिन अभी तक केन्द्र सरकार की ओर से उपर्युक्त जिलों में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित नहीं किये गये। समाज के कमज़ोर और निर्धन तबकों को शिक्षा प्रदान करना सरकार के प्राथमिक लक्ष्यों में शामिल है। केन्द्रीय विद्यालय इस लक्ष्य को पूरा करने में सरकार की स्थापित नीतियों को लागू करते हैं क्योंकि समाज के जिन वंचित तबकों को स्तरीय शिक्षा धनाभाव में नहीं मिल पाती है, उनके बच्चे इन विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करते हैं। ये तीनों जिले नक्सल प्रभावित जिले हैं, लोग शिक्षा अभाव के चलते नक्सली मूवमैंट से जुड़ते जा रहे हैं जो चिन्ता का विÂषय है। यह एक गंभीर मुद्दा है जो शिक्षा के मौलिक प्रश्न से जुड़ा है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि ...(व्यवधान) बिहार के सासाराम, औरंगाबाद तथा कैमूर जिलों में यथाशीघ्र केन्द्रीय विद्यालय खोले जाएँ। ...(व्यवधान)

श्री आर.के.सिंह पटेल : मान्यवर, विषय तो पूरा हो जाने दें। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: The matter is brought to the notice of the House. It is enough.